समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# ‘मै होंता तो विराट कोहली को फिर से कप्तान बना देता...’, रवि शास्त्री का बड़ा बयान।

Publisher — Published on 12 Jun 2025



## विराट कोहली के अचानक टेस्ट से रिटायरमेटं पर बोले रवि शास्त्री – “मै होंता तो उन्हे फिर से कप्तान बना देता”, BCCI की रणनीति पर उठाए सवाल।

**नई दिल्ली, 12 जून 2025:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच **रवि शास्त्री** ने **विराट कोहली** की टेस्ट से अचानक **रिटायरमेटं** पर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अगर वह निर्णय प्रक्रिया में होते, तो कोहली को दोबारा कप्तान बना देते। शास्त्री ने विराट की विदाई को लेकर बीसीसीआई की रणनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह पूरे सम्मान के साथ होनी चाहिए थी।

**रवि शास्त्री ने क्यों उठाए विराट कोहली की रिटायरमेटं पर सवाल ?**
रवि शास्त्री ने सोनी स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा: “लोगों को तब पता चलता है कि कोई खिलाड़ी कितना महान था, जब वह चला जाता है। विराट कोहली की रिटायरमेंट को बेहतर तरीके से हैंडल किया जा सकता था। अगर मैं किसी भूमिका में होता, तो ऑस्ट्रेलिया टूर के बाद उन्हें फिर से कप्तान बना देता।”

उन्होंने यह भी कहा कि कोहली जैसे बड़े खिलाड़ी को एक शानदार विदाई मैच मिलना चाहिए था ताकि प्रशंसक उन्हें आखिरी बार टेस्ट मैदान पर खेलते हुए देख पाते।

**कोहली और रोहित की विदाई : एक युग का अंत**
**विराट कोहली ने 12 मई 2025** को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। इससे ठीक 5 दिन पहले रोहित शर्मा ने भी टेस्ट से रिटायरमेंट ले लिया था। इन दोनों दिग्गजों की रिटायरमेंट ने क्रिकेट प्रेमियों को भावुक कर दिया।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, कोहली ने चयनकर्ताओं को पहले ही अपने फैसले के बारे में बता दिया था। बोर्ड के एक सदस्य उन्हें

इंग्लैंड दौरे पर भेजना चाहता था, लेकिन कोहली अपने निर्णय पर अडिग रहे।

## डोमेस्टिक खेलने पर भी उठे सवाल

सोशल मीडिया पर यह बहस भी तेज हो गई है कि अगर कोहली और रोहित को रिटायर होना ही था तो उन्होंने घरेलू क्रिकेट क्यों खेला? दरअसल, टेस्ट टीम के खराब प्रदर्शन के बाद **BCCI** ने निर्देश दिया था कि बिना ठोस कारण के कोई भी खिलाड़ी **डोमेस्टिक क्रिकेट** से नहीं हटेगा।

## शुभमन गिल के पास इतिहास रचने का मौका

**विराट** और **रोहित** की अनुपस्थिति में अब **शुभमन गिल** को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। **भारत ने इंग्लैडं** में आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में टेस्ट सीरीज जीती थी। ऐसे में अब शुभमन के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.